## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईटीआई सारंगढ़ में 8 मई को प्लेसमेंट और अप्रेंटिसशिप मेला

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** छत्तीसगढ़ सरकार और भारत सरकार के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई सारंगढ़ में सोमवार 8 मई 2023 को सुबह 10 बजे फीटर, वेल्डर और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्लेसमेंट और अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया है। चयनित युवाओं को हिंडाल्को स्टील एंड पावर लिमिटेड में रोजगार प्रदान किया जाएगा।

### गुजरात के दो लोगों ने छग के व्यापारी को लगाया 1.46 करोड़ का चूना

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के एक व्यापारी को 3010 क्विंटल चना भेजने के नाम पर सूरत के दो व्यापारियों ने 1 करोड़ 46 लाख का चूना लगा दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी राजकुमार दम्मानी पिता मोहन लाल दम्मानी निवासी दिशा कालेज के पास कोटा सरस्वती नगर रायपुर ने शिकायत दर्ज कराया कि दिनांक 14 अप्रैल से 5 मई के मध्य सूरज के दो व्यापारियों आरोपी फिरोज एवं आतिफ लखानी ने प्रार्थी को 3010 क्विंटल चना बेचने का सौदा किया। दोनों पक्षों के बीच सौदा तय होने के बाद आरोपियों ने अपने खाते में करीब 1 करोड़ 46 लाख रूपए जमा करा लिया। इसके बाद आरोपियों ने माल नहीं भेजा और न ही प्रार्थी की रकम वापस की। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने सूरत के दोनों व्यापारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण जांच में लिया है।

### बाइक को ठोकर मारते पेड़ से टकराई तेज रफ्तार सिटी बस, बाइक सवार सहित 6 यात्री घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** सडक़ दुर्घटनाओं का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा। राजधानी में भी दुर्घटना होने की खबर है। जहां रायपुर से खरोरा जा रही सिटी बस जरोदा मोड़ के निकट शाम दुर्घटनाग्रस्त हो गई, तेज रफ्तार बस ने एक बाइक सवार दंपती को चपेट में ले लिया। जिसमें पति पत्नी सहित दो बच्चे सवार थे। हादसे में बाइक सवार जगमोहन और उनकी पत्नी खिलेश्वरी को गंभीर चोटें आई है। जिनको तुरंत ही ग्रामीणों ने हॉस्पिटल पहुंचाया। सिटी बस में सवार 6 यात्रियों को भी चोटें आई है जिन्हे मेकाहारा अस्पताल भेजा गया है। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि बिलासपुर और रायपुर में टोल प्लाजा से बचने के भारी वाहन चालक इस मार्ग का उपयोग करते है, जिससे दिनभर इस मार्ग पर गाडियों का दबाव बढ़ता ही जा रहा है और आये दिन दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। रायपुर बलोदाबाजार मार्ग पर फोरलेन की नितांत आवश्यकता है।

### पुरानी रंजिश में नाबालिग ने पड़ोसी युवक को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में हत्या का मामला आए दिन देखने को मिल रहा है। ऐसे ही एक मामला फिर देखने को मिला है। दो युवकों के बीच काफी दिनों से झगड़ा चल रहा था। दोनों एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं। मामला विधानसभा थाना ग्राम पिरदा का है, जहां पुरानी रंजिश की वजह से नाबालिक ने अपने ही पड़ोसी को मौत के घाट उतार दिया। नाबालिग लडक़े को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि दोनों एक ही मोहल्ले के निवासी हैं। दोनों के बीच पिछले एक वर्ष से विवाद चल रहा था। पुराने झगड़े को लेकर दोनों के बीच समझौता भी हो गया था।अचानक से दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। मैके पर ही नाबालिग आरोपी ने मृतक सुरेंद्र ढीढी के सिर पर रॉड मारकर हत्या कर दी। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# ई-डिटेक्शन सिस्टम : नेशनल हाइवे टोलनाका में वाहनों के फिटनेस और टैक्स की होगी जांच, वाहनों पर होगी ऑटोमैटिक चालान

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सड़क दुर्घटना के मद्देनजर छत्तीसगढ़ सरकार अब बिना फिटनेस, टैक्स और बिना दस्तावेज के चलने वाले वाहनों पर सख्ती करने की तैयारी में हैं। प्रदेश के सभी नेशनल हाईवे में अब ई-डिटेक्शन सिस्टम शुरू किया जा रहा है , जिससे कि बिना फिटनेस और बिना टैक्स वाले वाहनों के टोल से गुजरने पर ऑटोमैटिक चालान होगा।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप तथा परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन सुविधाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो रहा हैं। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में होने वाले मृत्यु के आँकड़ो को देख कर प्रदेश में रोड एक्सीडेंट कम करने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे । सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण बिना फ़िटनेस के चलने वाले हैवी गाड़ियां है। अनफिट गाड़ियो से होने वाली सड़क दुर्घटना कम करने के लिए प्रदेश में परिवहन विभाग की पहल पर राष्ट्रीय राजमार्गों में ई-डिटेक्शन सिस्टम शुरू किए जा रहे है , जो बिना फिटनेस के वाहनों को डिटेक्ट कर ऑटोमैटिक चालानी कार्यवाही करेगा।

परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए परिवहन विभाग ने एनआईसी ओडिशा के सहयोग से ई-डिटेक्शन पोर्टल विकसित किया है।

ई-डिटेक्शन पोर्टल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर विभिन्न टोल नाकों से गुजरने वाले वाहनों का डेटा एकत्र करना है। पहले चरण में नेशनल हाईवे पर टोलनाका को ई डिटेक्शन पोर्टल से जोड़ा गया है। बाद में खनन और औद्योगिक क्षेत्रों से भी एएनपीआर कैमरे के मदद से डेटा एकत्र किया जाएगा।इस हेतु भी कार्यवाही शुरू कर दी गई है ।

गाड़ियों की जानकारी को फास्टैग के माध्यम से प्राप्त किए गए डेटा से एकत्र किया जाएगा और जब कोई वाहन टोल गेट से गुजरेगा तो उसकी तस्वीरें ली जाएंगी। जिस वाहन के पास कानूनी रूप से आवश्यक वैध दस्तावेज नहीं होंगे उसका ई-डिटेक्शन पोर्टल द्वारा स्वचालित रूप से चालान किया जाएगा। चालान एसएमएस के माध्यम से वाहन स्वामी के मोबाइल में भेज दिया जाएगा और जब तक वाहन स्वामी के द्वारा उस चालान का भुगतान नहीं कर दिया जायेगा तब तक उस गाड़ी से संबंधित समस्त कार्य सभी आरटीओ में प्रतिबंधित रहेंगे।

परिवहन सचिव एस प्रकाश द्वारा वाहन मालिकों से अपील की गई है कि सड़क में वाहन चलाने से पहले गाड़ी के सम्पूर्ण आवश्यक दस्तावेज को अप-टू-डेट करा ले। सभी दस्तावेज पूर्ण होना स्वयं और सड़क में चलने वाले अन्य सभी लोगो के सुरक्षा के लिये आवश्यक है।

परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा द्वारा वाहन स्वामियों से अपील की गई है कि वे फिटनेस, टैक्स, बीमा और पीयूसी के जुर्माने से बचने के लिए वाहन के दस्तावेज अप-टू-डेट रखें। छत्तीसगढ़ के ई-डिटेक्शन पोर्टल विकसित करने में एनआईसी ओडिशा के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक प्रशांत कुमार नायक, एनआईसी छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक श्रीनिवास राव और साइंटिस्ट अमित देवांगन का विशेष योगदान रहा।

सड़क सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट की समिति (एससीसीओआरएस) की सिफारिश के बाद सरकार ने ई डिटेक्शन के क्रियान्वयन का नीतिगत निर्णय लिया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट समिति के सचिव संजय मित्तल ने कुछ जिलों का दौरा किया था और राज्य में सड़क हादसों को कम करने के लिए शुरू किए गए सुधारात्मक उपायों की समीक्षा की थी। उन्होंने बिना फिटनेस और इंश्योरेंस के चल रहे वाहनों पर लगाम लगाने के लिए निर्देश दिये थे।

उल्लेखनीय है कि किसी वाहन को सड़क पर चलाने के लिए टैक्स पटाना , पंजीकरण प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट (यदि परिवहन वाहन है तो), बीमा और सभी वाहनों के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) जैसे वैध दस्तावेज होने अनिवार्य है तथा सभी वाहन चालकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य है। पर्सनल वाहनों के लिए फिटनेस और परमिट की आवश्यकता नहीं होती है।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों से एकत्र किए गए नमूना आंकड़ों में देखा गया है कि बहुत से वाहन बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे हैं। खासतौर से हैवी माल यान जिसमें फिटनेस अनिवार्य है, ऐसे वाहन भी बिना फिटनेस और बिना टैक्स के चलते पाये जाते है। ऐसे वाहनो से सड़क दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है और इंश्योरेंस क्लेम में भी समस्या उत्पन्न होती है ।

## खड़ी ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत



**जशपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां सडक़ किनारे खड़ी ट्रक से तेज रफ्तार स्कॉर्पियों पीछे से टकराई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार तीन लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। जब हादसा हुआ तो जोर के धमाके जैसी आवाज भी आई। मौके पर आसपास के लोग जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा जशपुर जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र का है। चरखापारा निवासी विपिन खलखो (40) शुक्रवार को अपने बेटे का इलाज कराने के लिए जशपुर पहुंचा। वह मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में सब इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ है। स्कॉर्पिंयों में उसके साथ पत्नी व बच्चे सहित 6 लोग सवार थे। विपिन खलको अपने बच्चे का इलाज कराने के बाद वापस लौटते समय इनकी स्कॉर्पियों नेशनल हाइवे 43 पर खड़ी केप्शूल ट्रक से टकरा गई।

## यात्री बस से महिला का बैग पार

**कोरबा (आरएनएस)।** चांपा से कोरबा तक यात्री बस में सफर के दौरान एक महिला का बैग पार हो गया। बैग में महिला की सोने की हार, अंगूठी सहित अन्य जेवरात थे। जानकारी के अनुसार आशा धीवर मूलत: जांजगीर चांपा पामगढ़ की रहने वाली है। उसकी बहन कोरबा पूर्व स्थित सीएसईबी की आवासीय कॉलोनी में रहती है। गुरुवार को आशा पामगढ़ से चांपा पहुंची। उसके पास दो बैग थे। चांपा में महिला राजधानी बस में बैठ गई। वह दोनों बैग को अपने साथ रखना चाहती थी। इस बीच बस के खलासी ने महिला ने दोनों बैग जबरदस्ती ले लिया। उसे बस की डिक्की में बंद कर दिया। बस कोरबा के ट्रांसपोर्टनगर स्टैंड पहुंची। महिला बैग लेने के लिए डिक्की के पास पहुंची। डिक्की में एक बैग नहीं था। उसने खलासी से बैग को लेकर जानकारी मांगी तो खलासी ने महिला को डांट फटकार लगा दिया।

## शासकीय स्कूलों में समर कैंप बना विविध विधाओं का केंद्र : शिक्षकों से बच्चे सीख रहे कला

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** "रोते रोते हंसना सीखो, हंसते हंसते रोना, जितनी चाबी भरी राम ने उतना चले खिलौना" किशोर कुमार के इस गीत के जैसे बच्चों को सिखाने वाले शिक्षक या अन्य प्रोफेशनल कलाकार जितने कला जानते हैं उतने ही अच्छे ढंग से बच्चों को ये कला सीखा सकते हैं।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में जिले के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में संचालित समर कैंप में ऐसे बहुत से शिक्षक कई विधाओं के जानकार हैं जो बच्चों को प्रोफेशनल डांस, पतंग बनाना, चित्रकला, मूर्तिकला, शॉल स्वेटर बुनना, मेहंदी, रंगोली, माटीकला के मूर्तियों में आकर्षक रंग रोगन सिखाकर इन विधाओं को नई पीढ़ी को स्थानांतरित कर रहे हैं।



समर कैंप में बच्चों को खेल खेल में संज्ञा सर्वनाम क्रिया विशेषण और अंग्रेजी के शब्दों से वाक्य बनाना, भाग देना जैसे परम्परागत शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। प्राथमिक शाला बरभांठा के बच्चों के करमा कुहुकी गाबो मांदर के ताल म और छेर छेरा गीत पर बेहतर डांस प्रस्तुत किया गया।प्राथमिक और मिडिल स्कूल बेल्हा,ओटगन, कारीपाट, बरभांठा, नवापारा, पवनी, मडकड़ी, छिर्रा, चुरेला, गिरसा, भटगांव, डुरुमगढ़, सरसीवां, स्वामी आत्मानंद स्कूल बिलाईगढ़ के साथ साथ अन्य स्कूलों में नियमित समर कैंप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि समर कैंप में अन्य दैनिक खेल कबड्डी, फुगड़ी, बांटी, भौरा भी खेले जा रहे हैं।

## अमेरिका के लोग को खूब पसंद कर रहे हैं बस्तर की वनोपजों से बने उत्पादों को

**लोहंडीगुड़ा में बने 10 टन ईमली उत्पादों को सांसद दीपक बैज व पूनम बैज ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**लोहंडीगुड़ा (आरएनएस)।** बस्तर में मिलने वाली वनोपजों से तैयार किए जा रहे खाद्य उत्पादों ने सात समंदर पार भी धूम मचा रखी है। दूसरे देशों में बस्तर के ऐसे उत्पादों की अच्छी खपत हो रही है और डिमांड काफी बढ़ गई है।अमेरिका के लोग भी यहां की वनोपजों से तैयार उत्पादों को खूब पसंद कर रहे हैं। खासकर ईमली से बने उत्पादों की अमेरिका में जबरदस्त डिमांड हो रही है। यहां से भारी मात्रा में ईमली प्रोडक्ट अमेरिका भेजे जाने लगे हैं। लोहंडीगुड़ा के एक उद्योग में तैयार ईमली प्रोडक्ट निरंतर अमेरिका एक्सपोर्ट किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यहां के एक उद्योग द्वारा तैयार ईमली उत्पादों की बड़ी खेप को बस्तर के सांसद दीपक बैज और उनकी धर्मपत्नी पूनम बैज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बस्तर के जंगलों में ईमली, महुआ, चार, तेंदू, छिंद आदि बहुतायत में पाए जाते हैं। छत्तीसगढ़ की मौजूदा कांग्रेस सरकार ने इन वनोपजों से तरह - तरह के खाद्य पदार्थ बनाने को प्रोत्साहन देना शुरू किया है। इसी के तहत बस्तर के लोहंडीगुड़ा, बकावंड समेत अन्य स्थानों पर उद्योगों की स्थापना कराई गई हैं। इन उद्योगों में महुआ, ईमली, छिंद आदि से तरह - तरह के खाद्य पदार्थ तैयार किए जा रहे हैं। इन उद्योगों में स्थानीय आदिवासी ग्रामीणों और महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार तो मिल ही रहा है, भूपेश बघेल सरकार की यह पहल सात समंदर पार के देशों में बस्तर को विशेष पहचान भी दिला रही है। लोहंडीगुड़ा स्थित उद्योग बस्तर फार्मर क्रोसर एग्रो ग्रुप में ईमली से कैंडी, जैम समेत विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ तैयार किए जा रहे हैं। इन उत्पादों की यूएसए के लोग बहुत पसंद कर रहे हैं और अमेरिका की फर्मों से इनकी भारी डिमांड आ रही है। इस उद्योग ने अपने ईमली प्रोडक्ट का एक्सपोर्ट करना शुरू किया है। इसी कड़ी में उद्योग द्वारा दस टन ईमली उत्पादों की बड़ी खेप अमेरिका भेजी गई। ईमली उत्पादों से भरे ट्रकों को सांसद दीपक बैज और उनकी धर्मपत्नी पूनम बैज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सांसद दीपक बैज उनकी धर्मपत्नी पूनम बैज, सुपुत्र सूर्यांश बैज, उसरीबेड़ा के उप सरपंच केदार सिंह ढेक और फैक्ट्री के मैनेजर व कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**बस्तर में आ रही है औद्योगिक क्रांति**

जबसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वनोपजों को अहमियत देना शुरू की है और गांवों में छोटे मंझोले उद्योगों की स्थापना के लिए कदम बढ़ाए हैं, बस्तर में औद्योगिक क्रांति की आहट सुनाई देने लगी है। मुख्यमंत्री बघेल ने रूरल इंडस्ट्रीयल पार्को ( रिपा ) की स्थापना आरंभ कराई है। इसके तहत बस्तर के लोहंडीगुड़ा, बकावंड समेत अनेक स्थानों पर उद्योग स्थापित किए गए हैं। ये उद्योग महिला स्व सहायता समूहों व निजी क्षेत्रों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। इन सभी उद्योगों में स्थानीय आदिवासी पुरुषों, महिलाओं और युवाओं को भरपूर रोजगार मिल रहा है। महिला स्व सहायता समूह अपनी ईकाइयों में महुआ के लड्डू व अचार आदि बनाए जाते हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान वनोपजों से तैयार उत्पादों की झलक देख चुकी हैं। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ऐसे उत्पाद खरीद कर अपने साथ ले जा चुके हैं। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि बस्तर में औद्योगिक क्रांति का सूत्रपात हो चुका है और यहां के जंगलों में उद्योगों के लिए भरपूर कच्चा माल उपलब्ध है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार मां- बेटे को कुचला, मां की मौत, बेटे की हालत गंभीर

**मरवाही (आरएनएस)।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के मरवाही थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार मां बेटे को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार मां की मौके पर मौत हो गई वहीं बेटे को गम्भीर हालात में मरवाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

कोरबा जिले के पसान थानाक्षेत्र के तुलबुल कर्री के रहने वाले माँ बेटा सरस्वती नेटी और उसका बेटा राजकुमार नेटी मरवाही के समुदलाई स्थित मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। दर्शन और पूजा- पाठ के बाद वे दोनों वापस घर जाने निकले। दोनों बाइक से पसान गांव जा रहे थे। इस दौरान लोहरी गांव के पास मुख्यमार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार मां बेटे को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे इतना जोरदार था कि बाइक पर बैठी मां सरस्वती नेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बेटा राजकुमार नेटी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने सूचना मरवाही पुलिस को दी। पुलिसकर्मियों की मदद से घायल को इलाज के लिए मरवाही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घटना स्थल पर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं हादसे की जानकारी परिजनों को दे दी है।

## आकार-2023 : युवा, बच्चे और बुजुर्ग ले रहे हैं पारंपरिक शिल्प कलाओं का प्रशिक्षण

**संस्कृति विभाग द्वारा महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में दिया जा रहा है प्रशिक्षण**

**रायपुर (आरएनएस)।** संस्कृति विभाग द्वारा पारंपरिक कलाओं पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर आकार-2023 में युवा, बच्चे और बुजुर्ग उत्साह के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं। गौरतलब है कि संस्कृति विभाग द्वारा पारंपरिक शिल्प और कलाओं के संरक्षण, प्रचार-प्रसार, जागरूकता तथा लोगों में इनके प्रति रूचि जागृत करने के लिए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 'पारंपरिक शिल्प एवं विविध कला प्रशिक्षण शिविर आकार-2023' का आयोजन रायपुर के सिविल लाइन स्थित महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में 01 मई से शुरू हुआ है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 मई तक चलेगा।



संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 'आकार-2023' में पंजीकृत प्रतिभागियों को म्यूरल आर्ट, पेपरमेसी, क्ले आर्ट, काष्ठ, बांस शिल्प एवं मूर्तिकला, चित्रकला, मधुबनी आर्ट, पटचित्र, धान ज्वेलरी, ड्राई फ्लावर, ग्लास पेंटिंग, गोदना आर्ट, पैरा आर्ट, टेराकोटा, रजवार भित्ती, क्लासिकल नृत्य, नाटक, फोक डांस, जूट शिल्प, मेहंदी आर्ट, गोबर आर्ट, वारली आर्ट, पिछवाई आर्ट, सेंड आर्ट, मंडला आर्ट, मांदना आर्ट, गोंड आर्ट, सौरा आर्ट, स्केच पेंटिंग, केनवाश पेंटिंग, बोनसाई आर्ट, वाद्य-यंत्र प्रशिक्षण एवं मेंकिंग विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के बाद समापन के दिन प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित कलाकृतियों एवं समानों को परिसर में प्रदर्शित करने के साथ प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

## वाई-फाई सुविधा से लैस होंगे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

- **मुख्यमंत्री ने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क और सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण-2023 की प्रगति की समीक्षा की**
- **प्रत्येक ब्लॉक में गोबर पेंट निर्माण की कम से कम एक इकाई लगाने के निर्देश**
- **बारिश में सभी गौठानों में छायादार और फलदार वृक्ष लगाए जाएंगे**
- **छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण: 5 मई से 15 मई तक गांवों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर दावा-आपत्ति लिए जाएंगे**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश के रूरल इंडस्ट्रियल पार्क को वाई-फाई सुविधा से लैस किया जाएगा, ताकि ये पार्क आर्थिक गतिविधियों के सक्रिय केन्द्र के रूप में विकसित हो सकें। मुख्यमंत्री बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में गौठानों में बनाए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क और छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण-2023 की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में गोबर पेंट निर्माण की कम से कम एक इकाई की स्थापना की दिशा में तेजी से कार्य करें। उन्होंने रीपा में उत्पादित सामग्रियों के संस्थागत बिक्री केन्द्रों का बड़े व्यावसायिक संस्थानों के साथ मार्केट लिंकेज कराने के निर्देश दिए।



बघेल ने कहा कि रीपा से जुड़े हुए गौठानों को मल्टी एक्टिविटी केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए। आर्थिक गतिविधियों में पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े परिवारों के साथ ही पुरूषों की भी सहभागिता बढ़ाई जाए। ऐसा प्रयास किया जाए कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके। इसी तरह उन्होंने रीपा के स्तर पर समूहों को विभिन्न व्यवसायों में कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र पूर्ण करने तथा बरसात के मौसम में सभी गौठानों में छायादार और फलदार वृक्षों का रोपण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री बघेल ने बैठक में छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण-2023 की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सर्वेक्षण का कार्य एक अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। सर्वे का कार्य 30 अप्रैल तक किया गया। एक से 5 मई तक अद्यतनीकरण का कार्य किया जा रहा है। 5 मई से 15 मई तक गांवों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर दावा-आपत्ति लिया जाएगा तथा 15 मई से 18 मई तक दावा-आपत्ति वाले प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। 18 मई से 25 मई तक दावा-आपत्ति वाले प्रकरणों में किए गए निराकरणों का पुन: ग्रामसभा में अनुमोदन किया जाएगा।

बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., संचालक पंचायत कार्तिकेय गोयल, रीपा के नोडल अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की संचालक दिव्या मिश्रा भी उपस्थित थीं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480